तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 स्कूल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों ...



14 दीपक बैज ने किया बास्केटबॉल मिनी खेल ...




## खबर संक्षेप

### अस्पताल ले जाते एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने से एक व्यक्ति की तबियत बिगड़ने लगी, उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला अक्टूबर 2023 का है। पुलिस मर्ग जांच में जुटी हुई थी जांच के बाद मंगलवार को केस दर्ज कर लिया गया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2023 को रात में राजाराम साहू पिता प्रभुराम साहू उम्र 36 साल निवासी मनकी की तबीयत खराब हो गई थी। अगले दिन फोन के माध्यम से ग्राम चंदरपूर के रहने वाले बंगाली डॉक्टर मिलन सरकार को बुलाये थे, तब मिलन सरकार के द्वारा राजाराम के घर में आकर उसे इंजेक्शन लगाया गया था। जिसके पश्चात राजाराम की तबीयत अत्यधिक खराब होने से अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संपूर्ण मर्ग जांच में प्राप्त साक्ष्य अनुसार मिलन सरकार पिता रामप्रसाद सरकार उम्र 42 साल निवासी चंदरपुर का कृत्य भादवि की धारा 304 तथा छग आयुर्विज्ञान की धारा 24 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आये जाने पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।

### बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पलटा वाहन, दो मृत

**महासमुंद।** सड़क हादसे में पटेवा थाना अंतर्गत मंगलवार रात एनएच 53 पर दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लेकर मृतकों के शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कश्यप ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े 10 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली झलप से मकान सेंट्रिंग का सामान लेकर पतेरापाली जा रही थी, तभी एनएच 53 पर रायतुम के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और वह पलट गया। जिससे ट्रैक्टर में सवार 06 लोगों में से प्रेम सिंग खड़िया और धेनू ध्रुव की दबने से मौत हो गई। वहीं डेमन ठाकुर व प्रेमशंकर निषाद को गंभीर चोटें आई, जिन्हें 112 की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा पहुंचाया। अन्य दो को मामूली चोटें आई है। मृतक को हाइवे पेट्रोलिंग 1033 की मदद से पिथौरा अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया।

घटना : नगर पालिका परिसर में हुई हमला की घटना

# नपाध्यक्ष पर हमला, दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका परिसर में अध्यक्ष

- अध्यक्ष के साथ हुई घटना के बाद नपा कर्मचारी और शहरवासी सहित समर्थकगण कोतवाली थाना में जुटे

राशि त्रिभुवन महिलांग पर हमला होने की घटना सामने आई है। महिला अध्यक्ष के साथ हुई घटना के बाद नगर पालिका के कर्मचारी और शहर वासी सहित समर्थकगण कोतवाली थाना में जुटे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डटे रहे। घटना में हमला करने का आरोप पूर्व पार्षद पंकज साहू पर है। वहीं पंकज साहू का आरोप है कि पालिका में हुई घटना के दौरान वह अकेला था और दूसरे पक्ष के इतने लोगों की मौजूदगी में मारपीट होने की घटना को झुठलाते हुए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

राशि महिलांग ने मीडिया के समक्ष दिए बयान में कहा है कि वह पालिका में पहुंची तो पूर्व पार्षद पंकज साहू लगातार नगर पालिका में विभिन्न विभागों में आवाजाही कर रहा था। इस दौरान वह सीएमओ कक्ष में सीएमओ की अनुपस्थिति में फाइलों का अवलोकन करते नजर आया। फिर आवक-जावक में बैठा मिला। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि पालिका प्रशासन के कार्यालय के भीतर अवैधानिक दखल के संबंध में पूछताछ किए जाने



पंकज साहू द्वारा तू कौन होती है पूछने वाली ऐसा कहते हुए हाथ उठाने की कोशिश की गई। गर्दन पकड़ कर दीवार में टिकाते हुए मंगलसूत्र लूटने की कोशिश की। इस बीच हो हल्ला मचने से आवक जावक शाखा में बीच बचाव करने पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष एवं सभापति पवन पटेल के साथ आपसी रंजिश जैसा व्यवहार करते हुए मारपीट की गई और नपाध्यक्ष का हाथ मरोड़ते हुए देख लेने और जान से मारने की धमकी दी गई। पूरा वाकया समझ पाने से पहले ही वह फरार हो गया और पालिका कर्मचारी भी नही समझ पाए कि आखिर क्या और किसके साथ हुआ। पालिकाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और एफआईआर दर्ज होने के साथ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष पूर्व पार्षद पंकज साहू ने कहा है कि शहर के वार्ड क्रमांक 24 में पेवर ब्लाक के ऊपर सीसी रोड बनाए जाने और जल आवर्धन योजना सबंधी मामले की चर्चा के लिए सीएमओ से मिलने गया था। आवक जावक में आवेदन दिया और इसी कॉपी सीएमओ को भी भेजी। इस दौरान पालिका परिसर में रिंकू चंद्राकर की गाड़ी दिखी तो दिलीप कश्यप के पास बैठा मिला। निकलने के दौरान पालिकाध्यक्ष का आना हुआ और उन्हें साईड प्लीज कहकर निकला। इस दौरान राशि महिलांग ने कर्मचारियों को फटकार लगाई। राशि महिलांग, पवन पटेल और 4-5 लोगों ने मिलकर बहसबाजी करते हुए नगरपालिका में नही घुसने की हिदायत दी। पंकज ने बताया कि पहले राशि महिलांग ने हाथ उठाया फिर त्रिभुवन महिलांग, कपिल साहू, पवन पटेल, एरिश अनवर आदि ने मारपीट की और घायल किया। मारपीट और झूमाझटकी के दौरान पंकज की सोने की अंगूठी, 5 हजार रुपए लूट की शिकायत पुलिस से की है। पंकज साहू ने कहा है कि 3 लोगों के साथ मारपीट कैसे कर सकता हूं।

त्रिभुवन महिलांग ने आरोप लगाया है कि पंकज साहू द्वारा जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसकी अलग से शिकायत पुलिस से त्रिभुवन महिलांग ने की है। वहीं सीएमओ द्वारा भी पंकज साहू के खिलाफ शिकायत प्रस्तुत की गई है। मामले में पुलिस अफसरों की मानें तो सभी पक्षों की शिकायतों को सुनकर जांच की जा रही है।

# पूर्व विधायक धरना देते रहे, सामने बैठ कर्मचारियों ने भी खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने

- कर्मचारी और पूर्व विधायक हुए आमने-सामने



आज अपने समर्थकों के साथ एसडीएम और तहसील कार्यालयों के कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इधर, तहसील एवं एसडीएम दफ्तर के कर्मचारियों ने पूर्व विधायक डॉ। विमल चोपड़ा पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, दबावपूर्वक कार्य कराने तथा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कामबंद हड़ताल कर उसी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप के चलते एसडीएम व तहसील कार्यालय में काम पूरी तरह से ठप रहा जिससे यहां अपने कार्यों को लेकर पहुंचे आम नागरिक परेशान रहे। पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा ने कहा कि एसडीएम और तहसील कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग में लोगों के छोटे से छोटे मामलों का निराकरण नहीं किया जाता, संपूर्ण जांच होने के बाद भी प्रकरणों को लंबित कर दिया जाता है या खारिज कर दिया जाता है, न ही प्रकरण के निराकरण की कोई नियत तिथि बताई जाती है, प्रकरणों के निराकरण के लिए जनता को वर्षों तक चक्कर लगाना पड़ता है। दोनों ही कार्यालय में अफसरों की शह पर कर्मचारी हावी है। डॉ. चोपड़ा ने आरोप लगाया कि ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें लोगों को वर्षों से अपने काम के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मनमानी की शिकायत राजस्व मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक की जाएगी। इस दौरान भाजपा नेता मोहन साहू, पवन साहू, पार्षद देवीचंद राठी, हनीश बग्गा, महेन्द्र सिका, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, जितेन्द्र साहू, गोविंद ठाकुर, नईम खान, माखन पटेल, सुरेन्द्र महाराज सहित बड़ी संख्या में पीड़ित लोग और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### कर्मचारियों ने भी अनिश्चितकालीन कामबंद हडताल शुरू की

एसडीएम व तहसील कार्यालय के कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा प्रत्येक बुधवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं तहसील कार्यालय में लोगों को इकट्ठा कर दबावपूर्वक कार्य कराए जाने का प्रयास किया जाता है। न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई के दौरान अपने कार्यकर्ताओं के साथ न्यायालय में अनाधिकृत रूप से आकर न्यायालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है। साथ ही न्यायालय की फोटोग्राफी व वीडियो रिकार्डिंग भी की जाती है। जिससे कार्य करने में परेशानी होती है। डॉ. चोपड़ा कर्मचारियों से दुर्व्यव्हार करते हुए फंसाने की धमकी दी जाती है। कर्मचारियों पर भ्रष्ट होने का बेबुनियाद आरोप भी लगाया जाता है। कर्मचारियों ने कहा है कि यदि यह व्यवहार रहा तो कामबंद हड़ताल आगे भी जारी रहेगी।

**पीड़ित लोगों ने फूंका पूर्व विधायक का पुतला:** पीड़ित संघ के अध्यक्ष रोहित मार्कण्डेय ने अपने शासन काल में पीड़ित लोगों की बातों को ना सुनने वाले भ्रष्टाचारियों का पक्ष लेने वाले और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कचहरी चौक में पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर का पुतला दहन किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता के आरोप में ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अनियमितता के आरोप में ग्राम पंचायत माटीदरहा के सचिव सत्यानंद बांक को जिला पंचायत सीईओ तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पिथौरा द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है, जिसमें सचिव पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत उतेकेल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राही के स्थान पर अपात्र हितग्राही प्रेमशिला बांक को लाभ दिलाने के लिए ग्राम सभा से अनुचित रूप से अनुमोदन कराया गया। श्रीमती प्रेमशिला, जो वर्ष 2019-20 से ग्राम नरसिंगपुर में निवासरत हैं और वहाँ की मतदाता सूची में दर्ज हैं, को गलत तरीके से ग्राम पंचायत उतेकेल में पात्र हितग्राही घोषित किया गया। इस मामले में तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव सत्यानंद बांक को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। उनके कार्य को पदीय कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता और वित्तीय अनियमितता माना गया है, जो छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के उल्लंघन के अंतर्गत आता है। निलंबन आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि में श्री बांक का मुख्यालय जिला पंचायत महासमुंद रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता दी जाएगी। जिला पंचायत ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

# अवैध धान परिवहन व भण्डारण पर सतत कार्रवाई जारी

## 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 18,830 किसानों से 91279। 04 टन धान खरीदा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अवैध धान की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि अवैध धान का परिवहन व भण्डारण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में संबंधित वाहन, धान और तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा धान के अवैध कारोबार में शामिल व्यापारियों पर भी जुर्माना लगाया जाएगा। निर्देशानुसार बिना उचित दस्तावेजों और अनुमति के धान परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और ऐसे परिवहन को तुरंत जब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 नवम्बर को अवैध धान भण्डारण एवं रबी फसल धान का विक्रय करने वाले 4 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 331 बोरा (132। 40 क्विंटल) धान जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनसुली के महेश कुमार यादव से 30 बोरा, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लिमदरहा के धनीराम नायक से 61 बोरा तथा बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम आमापाली के आनंद साव से 90 बोरा, ग्राम पुरुषोत्तमपुर के हिरामोती बरिहा से 150 बोरी धान जब्त किया गया।

### अब तक 91279.04 टन धान खरीदा गया

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान तेजी से चल रहा है। नोडल अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि 26 नवंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 18, 830 किसानों से 91279। 04 टन धान खरीदा गया, जिसमें 19496। 00 करोड़ रुपये की राशि किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केन्द्रों में 84 लाख 12 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 58 लाख 84 हजार 758 नया बारदाना है। एक लाख 22 हजार 124 बारदाना मिलर से प्राप्त, 13 लाख 69 हजार 846 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से एक लाख 22 हजार 249 बारदाना प्राप्त हुआ है। 24 लाख 78 हजार 482 बारदाने का उपयोग उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। अभी 59 लाख 33 हजार 756 बारदाना शेष है।

### 54 प्रकरण में 5 हजार से अधिक क्विंटल धान जब्त

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजस्व, मंडी, खाद्य विभाग द्वारा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अवैध धान परिवहन के विरुद्ध 9 नवम्बर से कार्रवाई की जा रही है। 26 नवम्बर तक कुल 54 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई हैं। जिसमें एक प्रकरण अंतर्राज्यीय तथा 53 प्रकरण राज्यीय है। कार्रवाई में 12779 बोरा धान (5098। 6 क्विंटल) जब्त किया गया है। इस दौरान अवैध धान परिवहन में संलिप्त 04 वाहनों को भी जब्त किया गया है।

# समाज कल्याण के अफसरों की हिदायतें की जा रही दरकिनार

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग के अफसरों द्वारा प्रबंधक नियुक्त किए जाने के संबंध में संस्था संचालक को दी गई हिदायतें दरकिनार हो रही हैं। केवल 4 दिवस कर्मचारियों के भरोसे शहर के वृध्दाश्रम में 25 बुजुर्गों की उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। बुजुर्गों के लिए की जा रही एक्टिविटी में भी विराम लग गया है। विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि संस्था संचालक को प्रबंधक पद के लिए पूर्व में दिए जा रहे वेतन पर कर्मचारी नही मिल रहे हैं। जिसके कारण अपात्र और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी के भरोसे वृध्दाश्रम का संचालन किया जा रहा है। वहीं बुजुर्गों ने बताया कि वे अपने परिजनों अथवा विभाग के कर्मचारियों से संपर्क नही कर पा रहे हैं और संस्था के संचालक भी बुजुर्गों से कभी कभार ही हाल-चाल जानने और मिलने आते हैं। हैं। बता दें कि पूर्व में कार्य कर रहे कर्मचारियों के वेतन मान में अब भी समर्पित कर्मचारियों की खोज जारी है लेकिन, संबंधित संस्था द्वारा कर्मचारियों के नही मिलने की जानकारी विभाग को दी गई है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि इस संबंध में संस्था के संचालक को जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार लाने पत्र लिखा गया है और एक कर्मचारी को रोज वृध्दाश्रम पहुंचकर व्यवस्था जांचने की ड्यूटी लगाई गई है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 28 नवंबर से 1 दिसंबर

समय: गुरुवार से शनिवार (प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)

रविवार: प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



PHILIPS REXTON

HEARING AIDS AVAILABLE

श्रवण यंत्र पर भारी छूट

कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

स्पीच थेरेपी



Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer

9659 455 455

Google Play | App Store

रायपुर- विमला सदन, फव्वारा चौक, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)

रायपुर- कृष्णा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग)

भिलाई - इथीराज टावर्स, सुपेला, भिलाई (छ.ग)

बिलासपुर - अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग(मुख्य शाखा) के सामने, मगरपारा रोड, बिलासपुर (छ.ग)

जगदलपुर - बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर (छ.ग)

कोरबा - ब्लू बर्ड्स स्कूल के पास, निहारिका कोरबा (छ.ग)

अंबिकापुर - मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, अंबिकापुर (छ.ग)

khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

**खबर संक्षेप**



### प्लेसमेंट कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद**। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में समस्त ब्लॉक पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा, तुमगांव एवं महासमुंद द्वारा अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें समस्त प्लेसमेंट कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद**। राज्य कर्मचारी संघ महासमुंद द्वारा अपर कलेक्टर रवि साहू को जिले के सभी विभागों में जारी प्रभारवाद को समाप्त करने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष रिखी राम साहू, जिला अध्यक्ष प्रकाश टंडन, जिला सचिव खगेंद्र तारक, सहसचिव श्रीवास्तव, चन्दन डडसेना, रणधीर सोनी, विनय सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## खेल प्रतिभा : तीरंदाजी में अपने हुनर दिखाते आदिवासी बच्चे

# आदिवासी बच्चों को तीरंदाजी खेल में हुनर दिखाने मिल रहा भरपूर अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर में जिले के कई खिलाड़ी ले रहे प्रशिक्षण**

भारत सरकार की योजना अन्तर्गत खेलों इंडिया लघु केंद्र का संचालन तीरंदाजी खेल में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आदर्श मॉडर्न आवासीय विद्यालय भोरिंग में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू (राष्ट्रीय खिलाड़ी) बागबाहरा द्वारा विगत दो वर्षों से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल होने आसपास के खिलाड़ियों के साथ जिलेभर के बच्चें शामिल हो रहे हैं, जो एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं स्थानीय विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। तीरंदाजी खेल को आगे बढ़ाने व संचालित करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया गया हैं। जिसमें प्रतिदिन सुबह-शाम खिलाड़ियों को अपने हुनर दिखाने का मौका मिल रहा है। जिले के विभिन्न ग्राम/ग्राम पंचायतों से लेकर शहरी क्षेत्रों से खिलाड़ी अभ्यास करने शामिल हो रहे हैं। जिले में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन जिला, संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोरिंग में किया जा चुका हैं। तीरंदाज़ी खेल को आगे बढ़ाने में



जिला प्रशासन का अहम योगदान है। विभागों के आपसी समन्वय से तीरंदाजी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में सफल रहे हैं।

राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता बागबाहरा में लघु केंद्र के 17 खिलाड़ियों की भागीदारी रहीं। राज्य स्तरीय एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग की खेल प्रतियोगिता में 16 खिलाड़ी शामिल होकर 8 पदक जीतने में सफल रहे। संभाग स्तरीय एकलव्य विद्यालय की तीरंदाजी प्रतियोगिता राजनांदगांव में 12 खिलाड़ी शामिल होकर 12 पदक जीतने में सफल रहे। जिसमे 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक व 2 कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। स्कूल नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में देविका यादव ने प्रदेश की टीम से प्रतिनिधित्व किया। महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने अपने हुनर और खेल प्रतिभा को दिखाते हुए आवासीय खेल अकादमी में चयनित होकर वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर जैसे शहरों में शासन द्वारा संचालित निःशुल्क आवासीय केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रायपुर आवासीय खेल अकादमी में जिले की देविका साहू, लक्ष्मी साहू, दिलेश्वरी साहू, अबीर पांडे एवं खेलों इंडिया एक्सीलेंसी सेंटर बेहतराई बिलासपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में डोमेश्वरी साहू, यामिनी धीवर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

जिले के उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों में कांत जगत बाराडोली बसना, चंदन सिदार रेमडा पिथौरा, मनीषा ध्रुव सोनासिल्ली पिथौरा, जयंत ठाकुर महासमुंद, उमेश बरिहा जबलपुर सरायपाली, टुकेश कमार बनसिवनी महासमुंद, लीना नेताम परसाड़ीह महासमुंद, सीमा चिपरीकोना बसना, दिव्या कमार बनसिवनी, दिगंबर नेताम बसना, देवव्रत दीवान घोंच पिथौरा, अश्मि निधि नाग बरिहापाली बसना, पुष्कर ठाकुर केसकेरा बागबाहरा, कुमुदिनी दीवान ठाकुरदिया पिथौरा, लिलिमा नाग बरिहापाली बसना, योगेश नाग खरोरा बसना, नमन मांझी कुदारीबाहरा बसना, कामना ध्रुव बीकेबाहरा बागबाहरा, मनीष सिदार रेमडा पिथौरा, राहुल धीवर तुमगांव, नीलम साहू भोरिंग, वैनिका साहू भोरिग, हुमेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, दुर्गेशवरी साहू, शुभम पाठक सभी भोरिंग, केदारनाथ तुमगांव, देविका यादव तुमगांव महासमुंद के खिलाड़ी शामिल हैं। राज्य स्तरीय एकलव्य तीरंदाजी प्रतियोगिता 27 से 29 नवम्बर 2024 को अंबिकापुर में आयोजित किया गया हैं। जिसमें जिले से कुल 10 खिलाड़ी कांत जगत, चन्दन सिदार, मनीषा ध्रुव, कामना ध्रुव, योगेश नाग, टुकेश कमार, लिलिमा नाग, कुमुदनी दीवान, दिगम्बर नेताम व जयंत ठाकुर शामिल हैं।

## बीकेबाहरा स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संविधान दिवस पर हायर सेकेंडरी स्कूल बीकेबाहरा के शाला प्रांगण में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायाधीश अविनाश टोप्पो ने विधिक जानकारियां देते हुए आम नागरिकों को भारतीय संविधान द्वारा मिले हुए विभिन्न मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के विषय में सविस्तार बताया।

उन्होंने कहा कि किस प्रकार से हम कानून की सहायता से अपने जीवन एवं संपत्ति की रक्षा कर सकते हैं। साथ ही अपने अधिकार और कर्तव्यों को जानकर हम समाज के अपराध को कम करने में सहायक हो सकते हैं, इसकी जानकारी दी। छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी बहुत सुंदर और सरल तरीके से उन्होंने उत्तर समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक पुलिस से असिस्टेंट पुलिस महेंद्र दुबे द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्रोण पटेल ने छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस कब और क्यों मनाया जाता है इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्राचार्य अंकित ने की।

कार्यक्रम में हितेश दीवान अधिवक्ता, सिमरन सलूजा अधिवक्ता, गिरिजा साहू, मनीष यादव, धनंजय पटेल, ग्रामीण कलाराम साहू, बिसाहू बरिहा, सेवक राम ध्रुव, कार्तिक पटेल, कांतिबाई, लोचन साहू, कुमार ध्रुव, नीलकंठ मानिकपुरी, खेमराज साहू, केशव पटेल, गंगूराम साहू, समित मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं धनेश्वरी चंद्राकर, भरत तंबोली, अजय चंद्राकर, गायत्री पटेल, योगिता कुर्वंशी, सुनीता साहू, मंजू नसीने, रमेश गिरी गोस्वामी, शैलेंद्री साहू, सुनीता बाई साहू, धर्मेंद्र साहू, घनश्याम साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका यामिनी साहू एवं आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य अंकित चंद्राकर ने किया। शाला प्रबंधन विकास समिति द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं न्याय की देवी की प्रतिमा भेंटकर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

### अगहन माह का दूसरा गुरुवार आज

**महासमुंद**। अगहन महीने के गुरुवार का दिन विशेष महत्व है। खरोरा के त्रिवेणी चन्द्राकर ने बताया कि इस वर्ष अगहन महीने में चार गुरुवार पड़ेगा। अगहन वृहस्पति को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा व उपासना शुभ फलदायी होती है। 28 नवंबर को अगहन माह का दूसरा गुरुवार है।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत महासमुंद और सरायपाली में संयुक्त प्रवर्तन दल ने की चालानी कार्रवाई

**महासमुंद**। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया के निर्देशन, डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन और जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से जिले के दो विकासखंडों में तंबाकू विरोधी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के तहत 21 नवंबर को महासमुंद के ग्राम पंचायत पटेवा और 25 नवंबर को सरायपाली के ग्राम सिंघोड़ा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त प्रवर्तन टीम ने कोटपा एक्ट 2003 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की। कार्यवाही का नेतृत्व औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने किया। कोटपा एक्ट की धारा 04 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध), धारा 06(अ) (नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध) और धारा 06(ब) (शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध) के उल्लंघन के मामलों में कुल 32 चालान काटे गए। इस कार्रवाई में पुलिस विभाग के उप निरीक्षक विनोद कश्यप, थाना प्रभारी महेश साहू, आरक्षक गिरिवर साहू और लिंगराज, तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नमूना सहायक कौशल साहू का विशेष सहयोग रहा। संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का सख्ती से पालन कराना और लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।



## खाड़ादरहा में गांड़ा समाज ने मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

युवा संगठन एवं गांजर परिक्षेत्र के संयुक्त प्रयास से छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज विकासखंड बागबाहरा के सानिध्य में ग्राम खाड़ादरहा में ग्राम की ओर चलो योजना के तहत 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर सामाजिक एवं संवैधानिक जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक परंपरा अनुसार शंभू वंदना के साथ जय भीम के उद्‌घोष करते हुए बाबा साहब के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं प्राथमिक साख सहकारी समिति मोगरापाली के प्राधिकृत नवनियुक्त अध्यक्ष गुलशन बघेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोलाराम जगत एवं विशेष अतिथि के आसंदी पर समाज के वरिष्ठजन रहे। संगोष्ठी में हेमंत टांडे अध्यक्ष गांजर परिक्षेत्र में संविधान के महत्व एवं वैज्ञानिकता और तार्किकता से जीवन जीने की बात कही। ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू टांडी ने सभी ग्रंथों में श्रेष्ठ संविधान को बताया। दयाराम बघेल, कुमार बघेल, यूथ अध्यक्ष कुलेश चौहान, हनुमंत नाग ने शिक्षा से समाज के विकास की बात कही। विकासखंड अध्यक्ष हीराराम नेताम ने समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों को दूर कर सामाजिक राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास की बात करते हुए शिक्षित, संगठित और संघर्ष करो के विचारधारा को समझ में अंगीकृत करने की बात कही। वहीं मुख्य अतिथि गुलशन बघेल ने समाज में राजनीतिक जागरूकता लाने की बात कही। सभा का संचालन ब्लॉक सचिव चुम्मनलाल जगत ने किया। सभा में गुलशन को सहकारी समिति के अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाज के परंपरा अनुसार पीला साफा फुल गुच्छ एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही भोलाराम जगत, लगन दास जगत सालडबरी, महिला सदस्य एवं मितानिन गौरी बाई एवं पंच कुमारी बाई एवं सीता बाई हरिपाल को पीला गमच्छा एवं फल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जगतराम जगत, हितेन्द्र मोंगरे, संतोष टाण्डे, गोपीराम निहाल, पोखन महानंद, नरोत्तम जगत, भरत सोनवानी, लगनदास, अवधेश टाण्डे, हरीश जगत, ठाकुर राम सोनवानी, छबीलाल नाग, चितरंजन महानंद, युवक भारती, पुरुषोत्तम सागर, संतराम सुरमणी आदि मौजूद रहे।




## गौरवशाली जनजातीय संस्कृति तथा परंपरा विषय पर हुई विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय समूह के सदस्य नीलम दीवान उपस्थित रहे। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने की। विशिष्ट अतिथि शाला विकास समिति के वरिष्ठ सदस्य आनंद गिरि गोस्वामी मंचासीन रहे। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संदीप दीवान ने कहा कि भारत की महामहिम राष्ट्रपति तथा छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री जनजातीय समूह से आते हैं। इससे हम कह सकते हैं कि जनजातीय समूह को सही अर्थों में सम्मान मिलना शुरू हुआ है। कार्यक्रम में प्राचार्य जीआर सिन्हा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संचालन तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन विमल मन्नाडे द्वारा किया गया। वहीं व्याख्याता नोबल ध्रुव ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन गाथा सुनाई। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले तथा गौरवशाली जनजातीय संस्कृति तथा परंपरा विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक रहटगांवकर, डीके शर्मा, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, दुर्गेश नंदिनी यदु, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन, मधुमति चंद्राकर, प्रज्ञा लांजेवार सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में हुआ जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के सभागार कक्ष क्रमांक 01 में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत के थीम पर कार्यकारी प्राचार्य रवि देवांगन की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम संयोजक तरुण कुमार बाँधे के नेतृत्व में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थान सिंह दीवान, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम ध्रुव, अतिविशिष्ट अतिथि त्रिलोकी ध्रुव तथा मुख्य वक्ता के गुलाब ठाकुर रहे। साथ ही क्षेत्र के अन्य समाजसेवी एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्तागण भी मौजूद रहे।

इस मौके पर आदिवासी समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा नृत्य का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम व्याख्याता निलेश कुमार तिवारी ने जनजातीय क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, वीर नारायण सिंह तथा भारत माता की तस्वीरों पर तिलक एवं पुष्प अर्पण कार्यक्रम के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुलाब ठाकुर ने अतीत काल से आदिवासी समाज के व्यक्तियों द्वारा सामाजिक उत्थान, देश सेवा तथा स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए सक्रिय भूमिका को याद दिलाया।



राधेश्याम ध्रुव ने छत्तीसगढ़ी में अपना संदेश देते हुए जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन को संरक्षित करने में जनजातीय समाज अनवरत प्रतिबद्ध है। थान सिंह दीवान ने अपने आदिवासी पृष्ठभूमि की संक्षिप्त चर्चा करते हुए राज्य की जनसंख्या में लगभग एक तिहाई अनुपात में विस्तृत आदिवासी समाज के योगदान तथा सामाजिक व्यापकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारे आदिवासी समाज वन संपदा को संरक्षित रखते हुए प्रकृति तथा प्राकृतिक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए समाज में घुला मिला हुआ है। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए उनके जीवन के उद्देश्यों की जानकारी लेते हुए संवाद भी किया। उन्होंने आदिवासी दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड वितरित कर सम्मानित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम श्रद्धा साहू, द्वितीय श्रेया तथा तृतीय हर्षिता लालवानी ने अर्जित किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम भाविका व सीमा, द्वितीय वैशाली तथा तृतीय अल्फिया नूरी व हर्षिता लालवानी ने प्राप्त किया। समूह नृत्य में छायंगी चंद्राकर, भाविका साहू, कृष्णा नायक तथा हिमांशी निषाद के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से आदिवासी समाज के आमंत्रित सभी प्रतिष्ठित अतिथियों को शॉल, पादप तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन जनजातीय गौरव कार्यक्रम की सहसंयोजक वाणिज्य विभाग की व्याख्याता माधुरी दीवान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातक द्वितीय वर्ष के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रवि देवांगन, तरुण कुमार बांधे, मुकेश कुमार सिन्हा, हरिशंकर नाथ, निलेश कुमार तिवारी, माधुरी दीवान, चित्रेश बरेठ, आलोक त्रिलोक हिरवानी, डॉ. ग्लैडिस मैथ्यू, संजय कुमार, त्रिपेश कुमार साहू तथा सावित्री अग्रवाल, शेषनारायण साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कर्मचारी कौशल साहू तथा देवकी का सहयोग रहा।

## इन्नोवाटिव प्रोजेक्ट में भाग लेने छात्राओं का हुआ चयन

# पांच दिवसीय वर्चुअल बूट कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीति आयोग, अटल इन्नोवेशन मिशन, डेल टेक्नोलॉजी एवं लर्निंग लिंक फाउंडेशन द्वारा शीप्रेन्योर कार्यक्रम के तहत पूरे देशभर से 150 विद्यालयों के छात्राओं का चयन एटीएल मैराथन 2023 में इन्नोवाटिव प्रोजेक्ट में भाग लेने एवं इन छात्राओं को एसटीईएम में सशक्त बनाने के लिए किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से चार विद्यालय शासकीय आशी बाई गोलच्छा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांजर महासमुंद, भारत माता अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर का चयन किया गया। सीप्रेन्योर कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय वर्चुअल बूट कैंप का आयोजन 6 नवंबर से 12 नवंबर तक किया गया। जिसमें डेल टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञों द्वारा चयनित छात्राओं को उनके प्रोजेक्ट संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान कर उनके सोच को और प्रभावी एवं व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करने में सहायता प्रदान की गई। यह छात्राएं एक गहन इंटर्नशिप कार्यक्रम का हिस्सा बने, जिसमें उनकी उद्यमशीलता एवं तकनीकी कौशल को बढ़ावा मिला। अगले चरण में चयनित प्रोजेक्ट में से बेस्ट प्रोजेक्ट का चयन डेल टेक्नोलॉजी के ऑफलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए किया जाएगा, जिससे यह छात्राएं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन कर प्रोजेक्ट को पेटेंट भी करवा पाएंगी। आशी बाई गोलछा की एससीआई गर्ल्स टीम की छात्रा पूजा परमार, हिमांशी टंडन एवं डिंपल चंद्राकर द्वारा ई व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के लिए कचरे से बिजली उत्पन्न करना प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया। जलने योग्य बेकार पदार्थों को जलाकर उसे प्राप्त ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलकर बैटरी में स्टोर कर इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को आसानी से वायरलेस तरीके से चार्ज किया जाता है। स्ट्रीट लाइट को भी इसके द्वारा प्रकाशमान किया जाता है। जलने से प्राप्त कार्बन का उपयोग प्रिंटिंग कार्य हेतु किया जा सकेगा। शासकीय विद्यालय गांजार की छात्राएं गायत्री चंद्राकर, जय ठाकुर एवं केशर तिवारी द्वारा स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम प्रोजेक्ट बनाया गया, यह प्रोजेक्ट कृषि क्षेत्र में फसल की सुरक्षा, जल की खपत को कम करना,स्वचलित तरीके से पानी की आपूर्ति करने के लिए बनाया गया है। शीप्रेन्योर कार्यक्रम में सफल सहभागिता के लिए सुमन पंडित अटल इन्नोवेशन मिशन एवं नीति आयोग, दीपक पोरवाल प्रभारी शीप्रेन्योर डेल टेक्नोलॉजी, अजय पिल्लई सहायक संचालक समग्र शिक्षा रायपुर, प्राचार्य आशी बाई गोलछा जीआर सिन्हा, प्राचार्य गांजर एचआर दीवान, मार्गदर्शक शिक्षक एवं रीजनल टीचर अटल इन्नोवेशन मिशन चंद्रशेखर मिथलेश, मार्गदर्शक शिक्षक बीआर निर्मलकर एवं स्टॉफ ने छात्राओं की इस सफलता पर हर्ष जताया।



## देव संस्कृति स्कूल में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**महासमुंद**। देव संस्कृति विद्यालय में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की सौजन्य से संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी एवं प्रभारी शिक्षक लोकेश कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के ब्रांच मैनेजर आकाश मंहती थे। अन्य अतिथियों में बैंक स्टाफ मनिंदर अजमानी, शिवकुमार पटेल, सन्नी गोंड तथा विद्यालय के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा छठवीं से 12वीं तक के 17 बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागी बच्चे साधना देवांगन, साधना नायक, सिद्धि नायक, उर्वशी ध्रुव, नेहा साहू, मेघा साहू, दामिनी साहू, चिरंजीव साहू, टीकम साहू, कुणाल विश्वकर्मा, राहुल साहू, लोकेश साहू, योगेश साहू, अनुराग प्रजापति, गजेंद्र साहू, भुवनेश्वर चंद्राकर थे। जिसमें प्रथम टीकम साहू, द्वितीय साधन नायक और तृतीय स्थान साधना देवांगन रहे। प्रभारी शिक्षक लोकेश कुमार चंद्राकर थे। कार्यक्रम में प्रतिभागी सभी बच्चों को ब्रांच मैनेजर की ओर से गिफ्ट प्रदान किया गया। ब्रांच मैनेजर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इससे बच्चों को अपने काम को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। उन्होंने गुल्लक में रखे पैसे और बैंक में रखे पैसे का महत्व बताया। संस्था के प्राचार्य गिरी ने कहा कि पेंटिंग न केवल मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि यह आपकी भावनात्मक बुद्धिमत्ता और भावनात्मक विकास का भी समर्थन कर सकती है। चित्र उन चीजों को संप्रेषित और व्यक्त कर सकते हैं जिन्हें हमारे शब्द और विचार नहीं पकड़ पाते। कई कलाकार अपने काम को आत्म - अन्वेषण और प्रतिबिंब के रूप में उपयोग करते हैं। इस अवसर पर शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, ऋषभ साहू, जितेन चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, योगेंद्र देवांगन, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, किरण विश्वकर्मा, जय वास्तव, योगिता कनौजे, योगिता महाकुर, लक्ष्मी कामेश्वरी बाघ, पम्मी यादव, सविता महंती, भूमिका चंद्राकर, संजू पारेश्वर, सविता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, ममता प्रजापति, गायत्री साहू लक्ष्मी साहू, गौरी साहू उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।



खबर संक्षेप



## नवागांव स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हमारा संविधान हमारा अभिमान थीम के तहत 26 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। संस्था के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक अरुण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संविधान न केवल हमारे देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करता है बल्कि हमे समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। शिक्षक अमर साहू ने बताया कि हमे संविधान द्वारा दी गई शक्तियों और अधिकारों का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में रसोइयां दया बाई, कुमारी बाई, हीराबाई, स्वीपर अमृत बाई एवं छात्र-छात्राओं का प्रमुख योगदान रहा।

## 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद अंतर्गत वार्ड नम्बर 12 भाठापारा के मृतक कुलदीप यादव, नयापारा वार्ड नम्बर 05 के मृतक सुनील साहू, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भानपुर के मृतक संतोष कुमार यादव, ग्राम भदरसी के मृतक नेतराम यादव तथा सरायपाली विखं अंतर्गत वार्ड नम्बर 3 महलपारा के मृतक आदिल हुसैन के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं संचालक समाज कल्याण विभाग महासमुंद संगीता सिंह के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा बीआरसी भवन महासमुंद में विखं बागबाहरा एवं महासमुंद के दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एलिम्को टीम से डॉ. दीपक कुमार, डॉ. प्रणेश मिश्रा, प्रिंस अवस्थी एवं छोटू कुमार ने भाग लिया। कुल 126 पंजीकृत दिव्यांगजनों में से 78 लाभार्थियों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकित किया गया। इसमें मोटराइज उपकरण 10, ब्रेल किट 1, श्रवण यंत्र 28, सीपी चेयर 1,बैसाखी 6, रोलेटर 4 मानसिक एमआरटीएलएम 33, ट्राईसाइकिल 5, स्टीक 1 व्हीलचेयर 3, कैलिपर 10, कृत्रिम पैर 1 एवं कृत्रिम हाथ 1 शामिल है। शिविर की सफलता में जागेश्वर सिन्हा (बीआरसीसी), सोनबेर (पंचायत विभाग), अनीता निर्मलकर (बीआरपी), तुलसी साहू (स्पेशल एजुकेटर), समाज कल्याण विभाग के एपी द्विवेदी, दुष्यंत जगत, राकेश दीवान, लक्ष्मी नारायण ध्रुव, विष्णु साहू, खोमन सिन्हा, परमानंद साहू (सचिव), बीआरसी कार्यालय के केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

## ऋण अदाएगी नहीं तो होगी कठोर कार्रवाई

**महासमुंद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के तहत वितरित ऋण की वसूली प्रक्रिया तेज कर दी गई है। समिति ने सभी वर्गों के हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने द्वारा ली गई ऋण राशि को नियमित रूप से अदा करें। समिति ने स्पष्ट किया है कि ऋण अदायगी में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों एवं उनके जमानतदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# बंदर ने किया 3 को घायल

### अछरीडीह में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी





ग्राम अछरीडीह में बन्दरों का आतंक व्याप्त है। जहां कुछ बन्दर आक्रमक हो चुके हैं। सोमवार को बंदरों ने 2 महिला और एक पुरुष को घायल कर दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। मौके में पहुंच कर शाम को बगीचा के तरफ खदेड़ा गया। उत्पाती बन्दर को चिन्हांकित किया गया। बन्दरों के आतंक व घर के छत और आँगन में उछलकूद से महिलाएं व बच्चे भयभीत हैं। आए दिन बन्दरों द्वारा खाने पीने के चीजों को तीतर बित्तर कर उत्पात मचा रहे हैं। छत में रखे समान को नुकसान पहुंचा रहे है। सुबह से ही दिनभर बंदरों झुंड में घर में लगे बाड़ी व मौसमी फसल को क्षति पहुंचा रहे हैं। बन्दर के उत्पात से घायल भुनेश्वर साहू ने बताया कि नहाने के बाद उत्पाती बन्दर को देखने छत की तरफ गया तो मेरे ऊपर उछल के कूद दिया और मेरे बाँए हाथ में नाखून से काटा, जिससे ब्लड आना शुरू हो गया। कपड़ा भी फाड़ दिया गया। गोदावरी पाल को उसके घर में बन्दर उछाल मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उसके हाथों और पैर को काटकर लहूलुहान कर दिया। जिसे गम्भीर हालात में जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया। हेमलता साहू घर के छत में कपड़ा सुखाने के लिए चढ़ी थी, अचानक बन्दर उछलकर नोचना शुरू कर दिया व काटकर घायल किया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों का जायजा लिया। जिला हॉस्पिटल में इलाज के दौरान टीका लगाया गया।

ग्राम बड़गांव के किसान संजय निषाद ने बताया कि ये तो हर रोज की बात है। बन्दरों के उत्पात से सभी ग्रामीण परेशा है। बाड़ी में सब्जी फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। पन्नालाल पटेल ने बताया कि नदी किनारे तीन दर्जन किसान बाड़ी में मौसमी फसल व सब्जी फसल लगाए हैं, जिसका देख रेख सभी किसान बारी बारी से करते हैं। बंदरों के उत्पात से भी किसान त्रस्त है।

# शासकीय पीजी कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

### संविधान दिवस पर संविधान उद्देशिका का किया पाठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में चित्रलेखा सोनवानी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद, दामोदर प्रसाद चंद्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद, प्रभारी प्राचार्य करुणा दुबे, कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडे की उपस्थिति तथा केसर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान के संयोजन में हुआ।






इस अवसर पर मुख्य वक्ता चित्रलेखा सोनवानी ने अपने उद्बोधन में 75वें संविधान दिवस पर विधायिका के कार्य का विस्तार से जानकारी प्रदान किया और संविधान से प्राप्त अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कर्तव्यों को याद रखने के लिए प्रोत्साहित किया। 1 जुलाई 2024 से जो नया कानून भारतीय न्याय सहिंता नागरिक सुरक्षा क़ानून बनाया गया है उन कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान की। छोटी-छोटी अपराधों से कैसे बचा जाए इसके बारे में समझाते हुए साइबर क्राइम एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की गाइडलाइन के बारे में जानकारी प्रदान किया। साथ ही डिजिटल अरेस्टिंग और परिवार के आसपास हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान किया। उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं से सजग व जागरूक रहने की अपील की। चित्रलेखा सोनवानी द्वारा भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया गया।

दामोदर प्रसाद चंद्रा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के शरीर और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना अपराध होता है। कानून में प्रत्येक अपराध के लिए दंड का प्रावधान है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमे शासन द्वारा निशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान करता है और पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना बनाई गई है। जिसमे शासन द्वारा क्षतिपूर्ति प्रदान करने का प्रावधान कानून के अनुसार रखा गया है।

प्राचार्य करुणा दुबे ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय नागरिक होने के नाते हमे अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए। हमारे संविधान में विभिन्न अधिकार दिये गये है, जिसका उपयोग कर हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते है। यह हमे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते है।

#### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, डॉ ईपी चेलक, डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ अजय कुमार देवांगन, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, प्रकाशमणि साहू एवं महाविद्यालयीन अधिकारी व कर्मचारी सहित छात्र- छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार व्यक्त डॉ रीता पांडे तथा संचालन विजय कुमार मिर्चे ने किया।



## बाघामुड़ा सोसाइटी में अध्यक्ष ने ली शपथ

**तेंदूकोना।** कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बाघमुड़ा में अध्यक्ष क़े रूप में हुमन सेन को प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिनका पदभार कार्यक्रम 27 नवंबर को हुआ। समिति सभा में मुख्य अतिथि बागबाहरा जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर व बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मंडल महामंत्री दिनेश चंद्राकर, उपाध्याय चिंताराम साहू, मंत्री लालसिंह नायक, महामंत्री अजजा हरीश दीवान, कोमल साहू, डुमन साहू, नेहरू साहू, नेतराम साहू, लखन चंद्राकर, ओमप्रकाश देवांगन, पीताम्बर साहू आद मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में भारत एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा भारत एवं छत्तीसगढ़ के संस्कृति के महत्व विषय पर सेमिनार का आयोजन प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन, डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष के संयोजन एवं मृणाली चंद्राकर अतिथि व्याख्याता के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन वंदन व सरस्वती वंदना डुमेश्वरी विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। इतिहास विभाग की छात्रा माया दीवान को यूनिवर्सिटी के मेरिट सूची मई-जून 2023 में 10वां स्थान प्राप्त करने पर इतिहास विभाग द्वारा उन्हें सम्मानित, पुरस्कृत एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को भारत के संस्कृति के महत्व को बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें मजबूत है और उसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी। डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास ने सेमिनार विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता संस्कृति का अंग है। सभ्यता से मनुष्य के भौतिक क्षेत्र की प्रगति सूचित होती है। जबकि, संस्कृति से मानसिक क्षेत्र की प्रगति सूचित होती है। मनुष्य केवल भौतिक परिस्थितियों में सुधार कर



संतुष्ट नहीं हो जाता है, वह भोजन से ही नहीं जीत शरीर के साथ मन और आत्मा भी है। संस्कृत मान्यताओं मूल्य और रीति-रिवाज पर केंद्रित है। वही सभ्यता संगठित सामाजिक राजनीतिक संरचना से संबंधित है। डॉ मालती तिवारी ने बताया कि प्रयास ही सफलता की प्रथम कड़ी है। डॉ दुर्गावती भारतीय ने कहा कि रीति, रिवाज,परंपराएं, खान पान, रहन-सहन आदि संस्कृति का हिस्सा है। स्थानीय विकास में यही परंपराएं अपना योगदान देती है। मृणाली चंद्राकर अतिथि व्याख्याता ने बताया कि भारतीय संस्कृति विविध होते हुए भी यहां के लोगों में एकता है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति आदिवासी संस्कृति है, जो काफी समृद्ध एवं शिक्षाप्रद है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न त्योहारों में बनाए जाने वाले व्यंजन से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम युवराज, द्वितीय सतरूपा, गुंजा, अनिषा तृतीय पुष्पांजलि रहे। निर्णायक डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल एवं डॉक्टर दुर्गावती भारतीय रहे। विद्यार्थी लिलेश्वरी, रूपाली, गीतांजलि, बिना, रुचि, भूमिका, भास्कर, दिव्या, नमन, लिकेश, पल्लवी, आफरीन, हेमलता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ नागेश एवं आभार प्रदर्शन पूर्णिमा साहू छात्र परिषद अध्यक्ष ने किया।

# संविधान दिवस पर भीमराव अम्बेडकर का किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ऑटो रिक्शा संघ ने निकाली संविधान यात्रा रैली

संविधान दिवस पर छग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स व भारतीय बौद्ध महासभा एवं ऑटो रिक्शा संघ व एडवोकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 9 बजे नगर के मध्य स्थित संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के आदमकद पर माल्यार्पण किया गया। पश्चात प्रतिमा के समक्ष जिला सचिव तुलेन्द्र सागर द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान के प्रति निष्ठा व अक्षुण बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

इस मौके पर पूर्व नपाउपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने संविधान के प्रति जवाब देही व अधिकार को बताते हुए कहा कि संविधान ही हमारे लिए सर्वोपरी है, जिसके बदौलत हमे अधिकार प्राप्त हुआ है। यह अधिकार हमे बाबा साहब अम्बेडकर ने दिलाया है। इसलिए संविधान की रक्षा सम्मान हमारा परम कर्तव्य है। अजाक्स जिलाध्यक्ष कमलेध ध्रुव ने कहा कि संविधान से ही हमे शिक्षा के साथ महत्वपूर्ण समानता का अधिकार व आरक्षण दिया गया है। जिसके कारण से ही हम शासन प्रशासन में उच्च पद पर आसीन हो रहे, जिसका श्रेय हमारे संविधान शिल्पी बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को जाता है। जिन्होंने विश्व का सबसे बड़ा और लिखित संविधान देकर भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिया।

सभा में उपस्थित लोगों का आभार प्रदर्शन बौद्ध समाज के जिलाध्यक्ष शंकर नन्देश्वर ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया बीपी मेश्राम ने किया। अंत में त्रिभुवन महिलांग, कमलेश ध्रुव, शंकर नन्देश्वर एवं ऑटो रिक्शा संघ अध्यक्ष मनीष राजपूत ने संविधान यात्रा ऑटो रिक्शा रैली को झंडी दिखा कर नगर भ्रमण के रवाना किया। यह देवेन्द्र मेश्राम उपाध्यक्ष ऑटो रिक्शा संघ के आह्वान पर नगर के समस्त ऑटो रिक्शा अम्बेडकर चौक, नेहरू चौक, बरोंडा चौक, कलेक्टर होते हुए मचेवा डॉ अम्बेडकर चौक से वापस पिटियाझर से नयापारा अम्बेडकर प्रतिमा से होकर बस स्टैण्ड अम्बेडकर चौक में समापन हुआ। जिसमे सभी ऑटो रिक्शा में झंडा बेनर के संविधान की प्रचार प्रसार करते पूरे नगर का भ्रमन किए।

इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर अजाक्स की ओर से आनंद कुर्रे, प्रो जेपी खटकर, एमएल ध्रुव, खोशिल जेन्ड्रे, महेश ध्रुव, राजेश रात्रे, डमरूधर मांझी, यशवंत ठाकुर, बीपी मेश्राम बौद्ध महासभा की ओर से डॉ एनके मण्डपे, दीना रात्रे एडवोकेट, नरेंद्र ढीढी, ऑटो रिक्शा संघ की ओर से मनीष राजपूत, देवेन्द्र मेश्राम, शेख अज़ीम, शाहिद कुरैशी, सुमीत कर्वा, किनारी नायक, दामोदर सोना, हनीफ खान, रिंकू भाई, निक्कू खन्ना, बंटी भाई, दुर्जन राव आदि मौजूद रहे।

## कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री बने मनोज

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज छग युवा प्रकोष्ठ के मनोज पटेल को प्रदेश



महामंत्री नियुक्त किया गया, वे जनहित समाजहित में सदैव सक्रिय रहने वाले युवक समाज सेवक हैं। वह विगत 04 वर्षों से ग्रामीण स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते आ रहें हैं। प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, संयोजक राजेन्द्र पटेल के निर्देशानुसार एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष रितेश पटेल, कोंडागांव कार्यकारी जितेंद्र पटेल, महासचिव प्रकाश पटेल की अनुशंसा पर मनोज पटेल को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर पुरुषोत्तम पटेल, हरीश पटेल, यशवंत पटेल, हेमकुमार पटेल, नीरज पटेल, सुदर्शन पटेल, सियाराम पटेल, सोमनाथ पटेल, वासुदेव पटेल, धनेश्वर पटेल, सुखऊ पटेल, मन्नू पटेल आदि ने हर्ष जताया है।



## मोंगरापाली सोसायटी में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**तेंदूकोना।** राज्य शासन द्वारा कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मोंगरापाली (रेवा) के समिति अध्यक्ष के रूप में गुलशन बघेल को समिति का प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिनका पदभार कार्यक्रम 24 नवम्बर समिति परिसर मोंगरापाली (रेवा) में हुआ। मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद), पिलेश्वर पटेल (मंडल अध्यक्ष), किशन दीवान, भागवत दीवान, डिगन सिन्हा, प्रमिला निषाद रहे। कार्यक्रम में समिति प्रभारी कार्तिक राम निषाद, प्राणाधर सिन्हा, दिनेश चन्द्राकर (महामंत्री), कमलेश टांडेय (अध्यक्ष पटरपाली सोसायटी), मुकेश चन्द्राकर (अध्यक्ष सोसायटी मुनगासेर), हरीश दीवान महामंत्री अजजा मोर्चा प्रकोष्ठ, खिलावन चन्द्राकर (वरिष्ठ भाजपा नेता), जनक साहू युवा नेता, कोमल साहू युवा नेता, मोहित साहू युवा नेता, प्रमिला निषाद , चमेली बाई निराला, डोमन दीवान, मनीराम दीवान, अजीराम दीवान, चमन निषाद, समिति के सदस्य प्रबंधक कार्तिक राम निषाद, लिपिक लंकेश चक्रधारी, आपरेटर मन्नाधर सिन्हा, विक्रेता ललित निषाद, हरिलाल यादव, नूतन ठाकुर, कलानाथ निषाद, चिंताराम नायक, निरंजन साहू, धनश्याम वास्तव, छबिलाल नाग युवा मोर्चा, धनीराम साहू आदि मौजूद रहे। गुलशन बघेल ने कहा कि वे हमेशा किसानों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## सेजेस तुमगांव में मनाया गया संविधान दिवस



**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर छात्रों को इसके आदर्शों और मूल्यों को समझाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य एल कुरील द्वारा छात्रों को बताया गया कि यह प्रस्तावना हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतिबिंब है। देश की विविधता में एकता को बनाए रखने का मार्गदर्शक सिद्धांत है। इस अवसर पर सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, एलएन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकड़ा, सोनाली साहू, मोनिका यादव, प्रगति साहू, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, चेतना उपस्थित रहे।

## सहकारी समिति मुनगासेर के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश ने किया पदभार ग्रहण

**तेंदूकोना/नर्रा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुनगासेर के नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश कुमार चंद्राकर शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, किसान नेता हितेश चंद्राकर उपस्थित रहे। इस मौके पर मंडल महामंत्री दिनेश चंद्राकर, तेंदुकोना मंडी अध्यक्ष चिंता साहू, भाजपा नेता कन्हैया नायक, गांव के वरिष्ठ सुंदर लाल साहू, बेद चंद्राकर, भाजपा नेता हरीश दीवान, मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू, लालसिंह नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि फिरोदिया, युवा मोर्चा महामंत्री प्रकाश पटेल, युवा मोर्चा हरीश जगत, जनक साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कोमल साहू, समिति प्रबंधक यशवंत चंद्राकर, दीनदयाल सेन, उत्तम चंद्राकर, कालू बरीहा, योगेश चंद्राकर, जनक चक्रधारी, देवेंद्र चंद्राकर, रविन्द्र ठाकुर, दुर्जन साहू, आगेश साहू आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद(छ.ग.)**

// ईश्तहार //
रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम बैतारी, प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विजय नायक पिता टंकधर नायक, निवासी ग्राम रजपालपुर, तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम-बैतारी, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 19/4 रकबा 0.75 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 12.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आज दिनांक 25.11. 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद(छ.ग.)**

// ईश्तहार //
रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम बैतारी, प.ह.नं. 33
रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रेमलाल नायक पिता धनीराम नायक, निवासी ग्राम रजपालपुर, तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम-बैतारी, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 165 रकबा 0.31 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 12.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है । आज दिनांक 25.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद(छ.ग.)**

// ईश्तहार //
रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम बैतारी, प.ह.नं. 33
रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका हेमकुमारी नायक पति प्रेमलाल नायक, निवासी ग्राम रजपालपुर, तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम-बैतारी, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 19/3 रकबा 0.74 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 12.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आज दिनांक 25.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
PHILIPS
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

